## एक नजर में

### कांग्रेस पदाधिकारियों का स्वागत किया

**सुठालिया 02 अप्रैल, सं.** ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष धीरप सिंह सौंधिया एवं नगर कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष मिथुन सिलावट का श्याम पालीवाल पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा अपने प्रतिष्ठान पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया. इस अवसर पर प.उमेश मिश्रा, हाजी गफ्फार खान, पर्वत सिंह सोधिया, अखिलेश पालीवाल, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोलाराम सिलावट, गिरीश नामदेव, बीके तिवारी, पार्षद रामबाबू कुशवाह, डॉ अजीज कुरैशी, एनएसयूआई अध्यक्ष सोहन सौंधिया, डॉ बेनी प्रसाद सेन, माही सोधिया सहित अनेक नेताओं ओर कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत अभिनन्दन किया.

### प्रवेशोत्सव मनाया

**जीरापुर 02 अप्रैल, सं.** स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में प्रवेशोत्सव आयोजित हुआ. जिसमें मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी की उपस्थिति में पुस्तकें एवं सायकिल वितरण की गई. जहां पर विधायक दांगी ने कहा कि शासन की योजनाओं से विधार्थी लाभान्वित हो रहे हैं. जिससे परीक्षा परिणाम भी अच्छा आ रहा है. प्रत्येक छात्राओं को कड़ी मेहनत से अध्यापन कार्य करें और अच्छे अंक प्राप्त करें. कार्यक्रम में प्राचार्य देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों का नामांकन 100 प्रतिशत हो. जिन विद्यार्थियों ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी उन्हें पुनः मुख्य धारा से जोड़ना है. जहां पर नरसिंह पवांर, योगेश गुप्ता सहित विधालय स्टाफ मौजूद रहा. संचालन कविता गुप्ता ने किया.

### नायब तहसीलदार ने संभाला कार्यभार

**छापीहेड़ा 02 अप्रैल, सं.** राजगढ़ जिले के खुजनेर में पदस्थ नायब तहसीलदार ऋषभ को कलेक्टर ने छापीहेड़ा क्षेत्र का दायित्व सौंपा है. बुधवार को परतेती ने छापीहेड़ा पहुंचकर पदभार ग्रहण किया. इस दौरान उन्होंने बताया की रोजाना दोपहर 12 बजे से शाम 5:30 बजे तक आमजन उन्हें अपनी समस्या बता सकते हैं. छापीहेड़ा उपतहसील में 65 गांव आते है. पदभार ग्रहण करने के बाद परतेती ने बताया कि राजस्व न्यायालय के अंतर्गत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन अभिलेख दुरुस्ती, नक्शा तट सीमा और अन्य प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय सीमा में करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी. कार्यभार के समय सरपंच प्रतिनिधि रामबाबू नागर सिकंदरी ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया. उपस्थित बाबू अमन, पटवारी विशाल जायसवाल,अनिल वर्मा आदि लोगों उपस्थित रहे.

### कलश यात्रा के साथ यज्ञ की शुरुआत

**झाडला 02 अप्रैल, सं.** झाडला गांव में सुक्खड नदी के तट पर लगभग 5 वर्ष से माँ दुर्गा के मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा था. जो की पूर्ण हो गया है. मंदिर लगभग दस से पंद्रह लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य पूरा हुआ है. अब ईश्वर की असीम कृपा और समस्त गांव वासी की मंशा से महायज् के द्वारा माँ दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा होगी. आज समस्त गांव में कलश यात्रा निकाली गई. समस्त गाँव में कलश यात्रा में डोल धमाके और आतिश बाजी साथ श्री राम का जय घोस किया गया. आज यज्ञ कलश यात्रा से प्रारम्भ हुआ

# आगजनी पर काबू पाने 57 फायर फाइटर होंगे तैनात

## जनपद स्तर पर स्थापित होंगे कंट्रोल रूम, आगजनी पर काबू पाएंगे फायर फाइटर टैंकर, आग पर काबू पाने होगी सुविधा

**प्रत्येक जनपद पंचायत स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित आकस्मिक स्थिति में 24 घण्टे तैयार रहने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया**

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़/ब्यावरा 02 अप्रैल, का.** गर्मी के दिनों में नगर, कस्बे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कारणों से आग लगने की घटनाएं काफी बढ़ जाती है, इन घटनाओं की तुरंत रोकथाम करने तथा आग पर जल्द काबू पाने जिले भर में 57 फायर फाइटर टैंकर तैनात किए जा रहे है, जो आग पर काबू पाने में काफी सार्थ सिद्ध होंगे.

पराली जलाने, अत्यधिक गर्मी होने एवं अन्य कारणों के चलते अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटनाओं को देखते हुए तथा उनकी रोकथाम हेतु जिले की विभिन्न जनपद पंचायतों में फायर फाइटर टैंकर तैनात होंगे. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा ग्रामीण स्तर पर अनूठी पहल की गई है. विभिन्न कारणों से अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटनाओं को देखते हुए उनकी रोकथाम हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में सेक्टर स्तर पर फायर ब्रिगेड (फायर फाइटर) के रूप में उपयोग हेतु तैयार किए गये है.

### कहां कितने फायर फाइटर होंगे तैनात

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा ग्रामीण स्तर पर अनुठी पहल के रूप में ग्रीष्म ऋतु में पराली जलाने अत्यधिक गरमी होने एवं अन्य कारणों से अधिक्तर ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटनाओं को देखते हुए उनकी रोकथाम हेतु जिले में जनपद पंचायत राजगढ़ 10, जनपद पंचायत ब्यावरा 09, जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ 17, जनपद पंचायत सांरगपुर 06, जनपद पंचायत खिलचीपुर 08, जनपद पंचायत जीरापुर 07 इस प्रकार जिले में कुल 57 फायर ब्रिगेड (फायर फाइटर) टेंकरों को मोटर पम्प लगाकार (फायर फाइटर) के रूप में चिन्हांकित किया गया है. जिनका ग्रामीण क्षेत्रों में सेक्टर स्तर पर फायर ब्रिगेड (फायर फाइटर) के रूप में उपयोग हेतु तैयार किया गया है. राजगढ़ जिले में कहीं पर भी आगजनी की घटना होने की जानकारी की सूचना जनपद पंचायत स्तरीय कन्ट्रोल रूम में दी जा सकती है. इस हेतु प्रत्येक जनपद पंचायत स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किये गये है. जिसमें आगजनी की जानकारी दी जा सकती है. आकस्मिक स्थिति में 24 घण्टे तैयार रहने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया है. जिसकी जानकारी पुलिस थानों में भी साझा की जा रही है.

### ग्रामीण क्षेत्रों को त्वरित सुविधा मिलेगी

इन 57 फायर फाईटर के तैनात होने के बाद ग्रामीण अंचलों में आगजनी की घटनाओं पर त्वरित सहायता मिल सकेगी. इनती पर्याप्त संख्या में तैनाती के बाद ग्रामीण ईलाकों से आने वाली कॉल पर तुरंत एक्शन होगा जिससे बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकेगा. हाल ही के दिनों में ग्रामीण अंचलों से खेतों में फसल में आग लगने की घटनाएं बहुत अधिक आई है. इस तरह की घटनाएं हर वर्ष होती है और वर्ष दर वर्ष बढ़ती जा रही है. वहीं कई जगह घरों, गोदामों में भी इस तरह के हादसे होते है. इसके अलावा हाईवे पर वाहनों में आगजनी के मामले भी बढ़ते देखे गए है.

### कंट्रोल रुम स्थापित

जिले में कहीं पर भी आगजनी की घटना होने की जानकारी की सूचना जनपद पंचायत स्तरीय कंट्रोल रुम पर दी जा सकती है. प्रत्येक जनपद पंचायत स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गये है. जिसमें आगजनी की जानकारी दी जा सकती है. आकस्मिक स्थिति में 24 घण्टे तैयार रहने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया है.

### गोघटपुर शाला में प्रवेश उत्सव मनाया

**नवभारत न्यूज, जीरापुर 02 अप्रैल, सं.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोघटपुर में शासन के आदेशानुसार नए सत्र 2026-27 की शुरुआत प्रवेश उत्सव से की गई. इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि हर विद्यार्थी को शासन की योजना का लाभ मिल रहा है ऐसे में अच्छे से पढ़ाई करके अपना उज्जवल भविष्य तैयार करें अच्छे नंबर से पास होवे. इस मौके पर ग्राम प्रधान योगेश कुमार गुप्ता, उप सरपंच चंदर सिंह चौहान ,सुनील पटेल, श्याम पटेल, बलवंत सिंह चौहान, गोपाल खंडेलवाल, शिव प्रसाद मंडलोई, शिव गुजराती, गोविन्द मेरोठा, दामोदर पाटीदार, भगवान सिंह चौहान,मोहन राठौर, बीआरसी गजेन्द्र कुमार शर्मा, जगदीश वर्मा, बीएसी रामप्रसाद वमा, जन शिक्षक प्रेम सिंह वर्मा, संजय कुमार मंडलोई, विधालय के शिक्षक, शिक्षिका मोजूद थे. प्राचार्य गोविन्द सिंह चौहान ने आभार व्यक्त किया. जहां पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तके वितरित की गई.

# लापता युवक का 9 दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

## पुलिस युवक की तलाश में जुटी हुई है

**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 02 अप्रैल, सं. ग्राम तरेनी धाकड़ निवासी युवक बंटी अहिरवार के लापता होने के नौ दिन बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है. परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं पुलिस भी युवक की तलाश में जुटी हुई है.**

जानकारी के अनुसार बंटी अहिरवार 25 मार्च से अचानक घर से लापता हो गया था. परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद कुरावर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई. इसके बाद से ही पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में युवक की तलाश की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है.

लापता युवक के पिता घीसालाल ने बताया कि उनका बेटा मानसिक रूप से कमजोर है, जिसके चलते उन्हें उसकी सुरक्षा को लेकर अधिक चिंता सता रही है. उन्होंने प्रशासन और आमजन से अपील की है कि यदि किसी को युवक के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस या परिजनों को सूचित करें.

### भीलवाडिया में मनाया प्रवेश उत्सव

**करनवास 02 अप्रैल, सं.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीलवाडिया में मध्यप्रदेश शासन की योजना अनुसार धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया. प्रवेश उत्सव में जनपद अध्यक्ष जगदीश गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयेन्द्र गुर्जर, सरपंच सर्जन सिंह गुर्जर, पूर्व प्राचार्य आरएन लहरी, राधेश्याम यादव सहित गांव एवं आसपास के जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी लोग सम्मिलित हुए. जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी लोगों ने बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया. जनपद अध्यक्ष जगदीश गुर्जर ने अपने उद्बोधन ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करके अपने छात्र जीवन में अच्छे से पढ़ाई करना चाहिए. उन्होंने सोशल मीडिया के हानिकारक प्रभाव से भी बचने के लिए बच्चों को सचेत किया. संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रूपसिंह लहरी ने किया एवं आभार विद्यालय के प्राचार्य लाखन सिंह यादव ने व्यक्त किया.

### शस्त्र लाइसेंस सेवाएं अब ऑनलाइन

**राजगढ़ 02 अप्रैल, का.** मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिले में शस्त्र लाइसेंस से संबंधित समस्त सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जाएगा. भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा विकसित एनडीएएल – एएलआईएस पोर्टल के माध्यम से दिनांक 01 मार्च, 2026 से शस्त्र लाइसेंस संबंधी सभी सेवाएं ऑनलाइन कर दी गई हैं. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बताया कि अब नागरिकों को शस्त्र लाइसेंस के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी.

# कपड़े से भरे कंटेनर के केबिन में लगी आग, सामान जला

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 02 अप्रैल, का. गुरुवार की दोपहर को स्थानीय गुना रोड पर अरनिया चौकी के समीप एक खड़े कंटेनर में एकाएक आग सुलग उठी. देखते ही देखते आग ने भयावह रुप ले लिया. कपड़े से भरे कंटेनर की आग बुझाने में काफी मशक्कत करना पड़ी.**

जानकारी के अनुसार अहमद नगर से कपड़े लेकर कंटेनर बनारस जा रहा था. यह कंटेनर जब गुना रोड पर अरनिया चौकी के समीप सड़क पर खड़ा हुआ था तभी एकाएक कंटेनर के केबिन में धुआं उठने के साथ आग सुलग गई. घटना के समय चालक केबिन में ही सो रहा था जिसने तत्परता दिखाते हुए अपने आप को बचाया.

देखते ही देखते आग ने भयावह रुप ले लिया. मौके पर पहुंची नपा की फायर बिग्रेड एवं आसपास मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने भरसक प्रयास किया. बताया जाता है कि केबिन में लगी आग कंटेनर के भीतर वहां तक जा पहुंची जहां कपड़े रखे हुए थे. वहां से भी धुआं उठने लगा. आग बुझाने में काफी मशक्कत करना पड़ी. आगजनी में कंटेनर एवं उसमें रखे कपड़े आदि सामान को नुकसान पहुंचा है.

# प्रवेशोत्सव : पीएमश्री स्कूल में मंत्री टेटवाल ने किया पुस्तक वितरण

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 02 अप्रैल, सं.** मध्य प्रदेश सरकार के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सरकार के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के मुख्य अतिथि में पीएम श्री ग्रुप शाला स्कूल में प्रवेश उत्सव एवं पुस्तक वितरण के आयोजन में शामिल हुए. सर्वप्रथम सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वल किया. तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का विद्यालय परिवार के द्वारा हरफूल माला से स्वागत किया. इस अवसर पर बच्चों को शिक्षा की मुख्य अवधारणा से जोड़ने के लिए सभी अतिथियों ने ज्ञानवर्धक बातें कहीं. इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, अनुभाग अधिकारी रोहित बम्हौरे, अनुभाग पुलिस अधिकारी अरविंद सिंह, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश विरमाल, ब्लॉक स्त्रोत समन्वयक डीएल वर्मा, आदि ने अपने विचारों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करने की बात कही. इस अवसर पर मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि मैं स्वयं इस विद्यालय में अध्ययन किया करता था.

मंत्री ने बच्चों से पहाड़े पूछे किताब पढ़वा कर देखा. विद्यालय के 70 फीसदी बच्चे जवाब देने में कामयाब हुए. प्रवेश उत्सव में बच्चों को पुस्तक वितरित करते हुए मिठाई बांटी गई. कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य मीना विजयवर्गीय ने माना. इस अवसर पर शाहीन कुरैशी, शर्मीला बी, शाहीन काजी, नासिर भाई, नसीमुल्लाह आदि उपस्थित रहे.

### सीजीडी जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**राजगढ़ 02 अप्रैल, का.** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिला परियोजना अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रतिनिधि, जीआईएस शाखा, थिंक गैस कंपनी के प्रतिनिधि, जिला आपूर्ति अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में प्राकृतिक गैस एवं सिटी गैस नेटवर्क के विस्तार, निर्माण, संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई.

### 'टोटी लगाओ अभियान' के तहत संरक्षण का संदेश

राजगढ़ 02 अप्रैल, का. मध्यप्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गुरूवार को विकासखंड खिलचीपुर के ग्राम दुन्धाहेड़ी एवं दिलावरी में जलप्रदाय व्यवस्थाओं का स्थल निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान पेयजल आपूर्ति की स्थिति का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए.

### सेक्टर तलेन में प्याऊ का शुभारंभ, जल संरक्षण का दिया संदेश

**नवभारत न्यूज, तलेन 02 अप्रैल, सं.** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्री हनुमान जन्मोत्सव पर क्षेत्र में जल मंदिर (प्याऊ) का भव्य शुभारंभ किया गया. आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था जीत वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संपन्न हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पंवार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक समन्वयक खजान सिंह ठाकुर उपस्थित रहे. इनके साथ जीत वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव सुरेश चंद्रवंशी विशेष उपस्थिति में विधिवत शुभारंभ किया गया. अपने उद्बोधन में अतिथियों ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है. यदि समय रहते जल का संरक्षण नहीं किया गया, तो आने वाली पीढियों को इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा. ब्लॉक समन्वयक खजान सिंह ठाकुर ने कहा कि जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देना अत्यंत आवश्यक है. कार्यक्रम के अंतर्गत नगर विकास प्रस्फुटन समिति तलेन के साथ-साथ ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों—हीरापुरा, नाहली एवं इकलेरा में भी जल मंदिर (प्याऊ) स्थापित किए गए. इस मौके पर सतनारायण सग्वालिया, आनंद सग्वालिया (भूतपूर्व सैनिक), धरम सिंह घाटीवाले, जितेंद्र चौधरी, मानसिंह यादव (फौजी सरकार), पूर्व नपाध्यक्ष चन्द्रसिंह यादव उस्ताद, वरिष्ठ पत्रकार अवध नारायण उपाध्याय, पत्रकार प्रमोद सिंह सक्तावत, नगर कार्यवाह रामकृष्ण यादव, बंटी ठौर नपाध्यक्ष विनोद यादव, मोरसिंह यादव कुंडीवाले, बादल यादव, मुकेश पुष्पद, शिवप्रसाद शर्मा, मनोज यादव, लोकेश यादव, राजीव यादव, सतीश यादव, विक्रम सिंह लववंशी (परामर्शदाता), नटवर सिंह राजपूत (परामर्शदाता), रवि, योगेश गोयल, कमलेश पाटीदार, रामकृष्ण मोहबै (पूर्व सरपंच), राजू मोहबे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे.

# हनुमान चालीसा पाठ से सनातन होगा मजबूत : प्रवीण तोगड़िया

**नवभारत न्यूज**

**कुरावर 02 अप्रैल, सं. अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल कि धर्म सभा में पधारे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया और टीम का स्वागत पीलू खेड़ी पार्वती नदी पर अगवानी की गई ढोल धमाकों के साथ जुलूस प्रारंभ हुआ जो महाकाल होटल से होते हुए में मार्केट से होते हुए बस स्टैंड राम जानकी मंदिर सभागार में पहुंचा.**

इस दौरान विभाग अध्यक्ष मुकेश बाबा, जिला अध्यक्ष भारत सिंह मीणा, संजय सिंह सिसोदिया, मनोज कुमार मेवाड़ा, नंदकिशोर चौधरी, ओमप्रकाश जोशी, सुरेंद्र सिंह शेखावत, दिलीप सिंह मीणा, सुरेश वर्मा, जगदीश विश्वकर्मा आदि ने किया. जगह-जगह पर पुष्प वर्षा करके कई हिंदू संगठनों एवं व्यापारियों ने स्वागत किया. कार्यक्रम में पचोर से पधारे महामंडलेश्वर महंत राम गिरि जी महाराज ने प्रांत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह अपना उद्बोधन दिया. श्री तोगड़िया ने हिंदू जगाने के लिए जोशीला भाषण तो दिया ही किंतु उसमें हनुमान चालीसा पर जोर डाला और कहा कि हम सबको शनिवार मंगलवार अपने-अपने मोहल्ले में हनुमान चालीसा करना चाहिए. कार्यक्रम के दौरान पुलिस एवं प्रशासन की बेहतरीन व्यवस्था की गई थी. आभार जिला मंत्री नंद किशोर चौधरी ने माना धर्म सभा को संबोधित करने के उपरांत श्री तोगड़िया ज्योतिष आचार्य लखमीचंद चौधरी के निवास पर एवं मनोज मेवाडे के निवास पर भी पधारे जहां उनका आत्मा स्वागत किया गया.

**उत्सव** राज्यमंत्री ने किया प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ, निःशुल्क साइकिलें एवं पुस्तकें की वितरित

# शिक्षा के बिना जीवन अंधकारमय हो जाता है : पंवार

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा/ राजगढ़ 02 अप्रैल, का. ब्यावरा स्थित शासकीय बालक हाई स्कूल राजगढ़ रोड में गुरुवार को 'स्कूल चलें हम' अभियान के अंतर्गत 'प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का उत्साहपूर्ण वातावरण में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा शुभारंभ किया गया.**

विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें एवं पुस्तकें वितरित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई. राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार है, इसके बिना जीवन अंधकारमय हो जाता है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा की गुणवत्ता और मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है. यही कारण है कि अभिभावकों का विश्वास शासकीय विद्यालयों के प्रति लगातार बढ़ रहा है और नामांकन में लगभग 32.4 प्रतिशत की सराहनीय वृद्धि दर्ज की गई है.

उन्होंने कहा कि आज शिक्षा के बल पर भारत के बच्चे विश्व स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है. 21वीं सदी भारत की सदी है. प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन संदीपनी शाला,कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल ब्यावरा और हाई स्कूल राजगढ़ रोड ने सम्मिलित रूप से आयोजित किया. कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, न पा अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री पवन कुशवाह, नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, जगदीश पंवार, अमित शर्मा, पार्षद गोपाल जाटव ,विष्णु साहू, पूनम मेवाड़े तथा रवि बड़ोने, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, रोहित सोनी तथा एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे.

**तिलक लगाकर किया स्वागत**- बच्चों का तिलक लगाकर एवं माला पहना कर स्वागत किया गया. बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था. नव प्रवेशी कक्षा 1 कक्षा 6 तथा कक्षा 9 के करीब 50 बच्चों को स्कूल बेग तथा पुस्तके वितरित की गई. उत्कृष्ट परिणाम वाले बच्चों का स्वागत कर प्रोत्साहन किया गया. जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया भी कार्यक्रम में पहुंचे. कार्यक्रम की रूपरेखा बीआरसी जी के दुबे द्वारा बताते हुए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी. डीपी सी आर.के. यादव ने जिले की रिपोर्ट प्रस्तुत की. इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला, बीईओ दिलीप कुमार शर्मा, प्राचार्य सज्जन सिंह यादव, नाथू सिंह सिकरवार, आर.के. गुप्ता सहित स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे. संचालन अपूर्व भार्गव,कौशल शर्मा ने किया.